# Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Department of Philosophy in collaboration with Vivekanada Kendra

Lecture on YuvaNetritw Vikash Abhiyan

16.11.2022

महाविद्यालय के पुरातन छात्राओं की अलुमनीएसोशिएशनमीट का भी आयोजन कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि कॉलेज की अलुमनीएसोशिएशन का विधिवत पंजीकरण भी करवा लिया गया है। उन्होंने कहा कि अलुमनीमीट का नियमित रूप से आयोजन होते रहना चाहिए ताकि पुरानी छात्राएं न सिर्फ अपनी पुरानी यादों को ताजा कर सकें बल्कि वे महाविद्यालय के विकास में अपना सहयोग भी दे सकती हैं और नई छात्राओं को उनसे प्रेरणा भी मिलती रहेगी। प्राचार्या ने बताया कि न्यूएजुकेशनपॉलिसी में अलुमनी के महत्व को बढ़ाया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ रीता सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पुरातन छात्राओं के परिसर में आने से ऐसा लगा कि मानो घर की बेटियां बहुत दिनों बाद अपने घर आई हों, पूरा परिसर उनके आगमन से गुलज़ार हो उठा। इस अवसर पर ए एनकॉलेज की एडुकेशन डिपार्टमेंट की प्रो (डॉ) रीता सिंह, जो इस महाविद्यालय की पुरातन छात्रा रही हैं, को सर्व सहमति से एलुमनी एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। इस इस अवसर पर अनीशा, राजलक्ष्मी, सब्या आदि सहित अनेक पुरातन छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में डॉ प्रभा मिश्रा, डॉ पुष्पा राय, डॉ अनुमाला सिंह सहित सभी शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# स्वामी विवेकानंद के जीवन व उनके दर्शन पर हुई परिचर्चा

**पटना.** श्रीअरविंद महिला कॉलेज में बुधवार को दर्शनशास्त्र विभाग और विवेकानंद केंद्र, कन्याकुमारी की बिहार एवं झारखंड शाखा के सहयोग में युवा नेतृत्व विकास अभियान का आयोजन किया गया. इसका विषय स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके दर्शन था. विवेकानंद केंद्र के समन्वयक ज्ञानेश्वर शर्मा ने विवेकानंद के जीवन और उनके दर्शन की विस्तृत जानकारी दी. इस सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्या प्रो साधना ठाकुर ने छात्राओं को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेते हुए आत्मविश्वास की बदौलत सारी समस्याओं का सामना करने की सलाह दी. केंद्र के प्रतिनिधि रामकृपाल ने बताया कि तीन चरणों में यह अभियान आयोजित किया जायेगा.

प्रभात खबर Thu, 17 November 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/